प्रभु इतना ध्यान देना

प्रभु इतना ध्यान देना, जब अंत समय आये,
भोले इतना ध्यान देना, जब अंत समय आये,
ओ भोले इतना ध्यान देना, जब अंत समय आये,
दर्शन का दान देना, जब अंत समय आये,
भोले इतना ध्यान देना, जब अंत समय आये।।

भावना मेरे मन की भावुक होकर बोली,
इस मन में वास करे भोले की छवि भोली,
भक्तो सा मान देना भक्तो सा मान देना,
जब अंत समय आये दर्शन का दान देना,
जब अंत समय आये.....

बाघंबर हो तन पे भस्मी हो रची अंग में,
आना भोले बाबा मैया को ले संग में,
प्रभु मुक्ति दान देना भोले मुक्ति दान देना,
जब अंत समय आये भोले इतना ध्यान देना,
जब अंत समय आये.......

हो मरने का चित में ना भय करता हूँ मैं तुमसे विनय,
चरणामृत देकर के कर देना मुझको अभय,
भक्ति का दान देना भक्ति का ज्ञान देना,
जब अंत समय आये दर्शन का दान देना,
जब अंत समय आये.......

स्वर : लखबीर सिंह लक्खा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4900/title/prabhu-itna-dhyan-dena-jab-ant-samye-aaye-bhole-itna-dhyan-dena

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |